शिशुओं के आहार में फ्रुक्टोज और सुक्रोज मिलाने पर रोक लगाने प्रस्ताव

नयी दिल्ली। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने छह माह तक के शिशुओं के खाद्य उत्पादों में फ्रुक्टोज और सुक्रोज मिलाने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद शिशुओं को शुरुआती उम्र में अतिरिक्त चीनी के इस्तेमाल से बचाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बयान के अनुसारए इस प्रस्ताव का मकसद शिशुओं के पोषण संबंधी सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक शिशु पोषण के लिए खाद्य पदार्थ विनियम 2020 में संशोधन का मसौदा जारी किया है। इसमें छह माह तक के शिशुओं के लिए बनाए जाने वाले खाद्य उत्पादों में सुक्रोज और फ्रुक्टोज मिलाने पर रोक लगाने का प्रस्ताव है। मसौदा अधिसूचना पर आम लोगों और संबंधित पक्षों से सुझाव एवं आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके लिए 60 दिन का समय दिया गया है। मौजूदा नियमों में जन्म से लेकर 24 माह तक के बच्चों के लिए विभिन्न श्रेणियों के शिशु पोषण उत्पादों की पोषण संरचनाए गुणवत्ता और सुरक्षा के व्यापक मानक निर्धारित हैं। वर्तमान प्रावधानों के तहत कार्बोहाइड्रेट के लिए लैक्टोज और ग्लूकोज पॉलिमर को प्राथमिकता दी जाती है। हालांकिए जरूरत पड़ने पर निर्धारित सीमाओं के अधीन सुक्रोज या फ्रुक्टोज मिलाने की अनुमति है। मंत्रालय ने कहा जीवन के पहले छह महीने स्वस्थ वृद्धि और विकास के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में उचित पोषण विशेष रूप से जरूरी है। प्रस्तावित प्रतिबंध का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इस आयु वर्ग के शिशुओं के पोषण उत्पादों में सुक्रोज और फ्रुक्टोज अनावश्यक रूप से मिलाए बिना उनकी पोषण संबंधी जरूरतें पूरी की जाएं।

वी के पहले प्रीपेड फैमिली प्लान की शुरूआत

मुम्बई। वी ने पेश किया अपनी तरह का पहला प्रपोज़िशन, जिसके तहत प्रीपेड ग्राहक वी ऐप पर अपना वी प्रीपेड फैमिली ग्रुप बना सकते हैं, और देश में कहीं से भी डेटा शेयर कर सकते हैं, गारंटीड बचत और खास ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। वी के दृष्टिकोण 'वी पे सब हैं वीआईपी' – के अनुसार हर व्यक्ति को सभी महत्वपूर्ण फायदे मिलने ही चाहिए। इसी वादे को आगे बढ़ाते हुए, वी लेकर आए हैं 'वी प्रीपेड फैमिली प्लान' भारत का पहला ऐसा प्लान जो पारंपरिक प्लान्स से बिल्कुल अलग है।

प्राइमस पार्टनर्स को मिली पहचान

मुम्बई। प्राइमस पार्टनर्स को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया द्वारा मिड–साइज कैटेगरी में टॉप 100 इंडियाज बेस्ट वर्कप्लेसेस फॉर वुमेन 2026 में शामिल किया गया है, जो इस कैटेगरी में कंपनी की पहली पहचान है। यह पहचान एक समावेशी वर्कप्लेस को बढ़ावा देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहां महिलाओं को आगे बढ़ने, लीडरशिप की भूमिका निभाने और करियर बनाने के समान अवसर मिलते हैं।यह पहचान वर्कप्लेस ट्रस्ट और एम्प्लॉयी एक्सपीरियंस के प्रति प्राइमस पार्टनर्स की व्यापक प्रतिबद्धता पर आधारित है। संगठन को दिसंबर 2025 में लगातार छठे साल ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ।

वीवर्स कॉन फेस्टिवल अगले वर्ष दिल्ली में

मुंबई। के–पॉप और भारतीय संगीत के प्रशंसकों को एक ही मंच पर अपने पसंदीदा कलाकारों को देखने का मौका मिलेगा। वीवर्स कॉन फेस्टिवल इंडिया ने अपने पहले संस्करण में शामिल होने वाले कलाकारों की सूची जारी कर दी है।

एचडीएफसी एफटीएसई इंडिया इक्विटी ईटीएफ की लिस्टिंग

मुम्बई। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की इन्वेस्टमेंट मैनेजर कंपनी एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एनएसई मुंबई में आयोजित बेल–रिंगिंग सेरेमनी में एचडीएफसी एफटीएसई इंडिया इक्विटी ईटीएफ की नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर लिस्टिंग को चिन्हित किया। इस समारोह में एचडीएफसी एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर नवनीत मुनोट, एफटीएसई रसेल के हेड ऑफ एशिया निको बाउले और एनएसई के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर आशीष कुमार चौहान उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्य भाषण दिए।

कार्यालय – उपनिदेशक (नि0) मु0–अनु0
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0

"किसान मण्डी भवन" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
www.upmandiparishad.in

पत्रांक: मु0अनु0/ई–निविदा/2026–402 दि० : 17.10.2026

ई–निविदा सूचना (ई–टेण्डर)

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, मुख्यालय अनुरक्षण खण्ड, लखनऊ के अर्न्तगत निम्नलिखित तालिका में अंकित कार्य के निर्माण/मरम्मत हेतु ई–निविदा (E-Tendering) के माध्यम से परिषद आदेश पत्रांक–मु0अभि0–(पंजी0–नि0–1168–भाग–4)/ 2023–217 दिनांक 29.05.2023 के कम में मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 13.11.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 21.10.2026 की अपरान्ह 1.00 बजे से दिनांक 13.11.2026 की अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेंगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी:–

क0 सं0	कार्य का नाम	निविदा का मुल्य (जी0एस0टी सहित रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत ठेकेदारो की श्रेणी
1	विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित मण्डी परिषद आवासीय कालोनी के भवन संख्या ए–1 की लान में घास लगाने, पाईप लाइन की मरम्मत, रंगाई–पुताई एवं मरम्मत का कार्य। 2026_RKUMP_1198562_1	700.00 + 126.00 826.00	0.33	3.23	01 माह	'द'

नियम एवं शर्तें–

1. शासनादेश सं0–415/78–2–2018–42 आई0टी0/20147/टी0सी0–49 दिनांकः–22.06.2018 के कम में निविदा शुल्क (नान रिफन्डेबल) उप निदेशक (नि0)मु0–अनु0, मण्डी परिषद लखनऊ के भारतीय स्टेट बैंक, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ उ0प्र0–226010 में संचालित खाता संख्याः–30394523799 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्याः–30394523937 आई0एफ0एस0 कोडः–SBIN0050643 में आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य हैं।
2. मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांकः मु0अभि0–2/(1168/भाग–4/2005)/2022–1190 दिनांक 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के कम में 'द' श्रेणी को छोड़कर 'अ' 'ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारर्शिता एवं अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के standard Bidding Document (S.B.D.) में Qualification of Bidders कें section 4.6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम शर्तो के बिन्दु संख्या–11 में अंकित है। Bid Capacity की गणना प्रपत्र व सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वॉछित गत पॉच वर्षो का टर्न ओवर एवं बैलेन्स शीट Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे ही प्रतिभाग कर सकते है। अन्य विभाग के ठेकेदार/फर्म 'अ' एवं 'ब' श्रेणी प्रतिभाग नहीं कर सकते है।
4. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

नोटः समस्त नियम व शर्ते ई–निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

उप निदेशक (निर्माण)

आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ बढ़ा

मुंबई। आईसीआईसीआई बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026–27 की दूसरी तिमाही (जुलाई–सितंबर) में 22.28 प्रतिशत बढ़कर 16,333.18 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,357.06 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका एकल आधार पर शुद्ध लाभ 20.1 प्रतिशत बढ़कर 14,843 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय सितंबर तिमाही में 17.7 प्रतिशत बढ़कर 25,339 करोड़ रुपये रही। इस दौरान बैंक का ऋण पोर्टफोलियो 30 प्रतिशत बढ़ा, जबकि शुद्ध ब्याज मार्जिन 0.12 प्रतिशत घटकर 4.18 प्रतिशत रह गया। बैंक के बयान के अनुसार, जमा के मोर्चे पर कुल वृद्धि 27.1 प्रतिशत रही।

नई इस्पात नीति से चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा

नयी दिल्ली। प्रस्तावित राष्ट्रीय इस्पात नीति से चक्रीय अर्थव्यवस्था और देश में मूल्यवर्धित इस्पात उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। इस्पात उद्योग से जुड़े हितधारकों ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि इस नीति में भारतीय इस्पात उद्योग द्वारा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने पर भी जोर दिया गया है। आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ पंकज मल्हन ने कहा कि मसौदा नीति में पुरानी रिफैक्टरी सामग्री को दोबारा काम में लाने और कच्चे माल के तौर पर मैग्नेसाइट की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी गई है। यह कदम मजबूत और प्रतिस्पर्धी इस्पात उद्योग परिवेश विकसित करने के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है। बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक हर्ष बंसल ने कहा कि नीति में इस्पात उद्योग के सभी पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि इसमें मूल्यवर्धित और इस्पात परत वाले उत्पादन पर जोर देने के साथ द्वितीयक इस्पात उत्पादकों को प्रोत्साहित करने पर भी ध्यान दिया गया है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार राजीव मैत्रा ने कहा कि नीति में चार चरणों के माध्यम से वर्ष 2047 तक इस्पात क्षेत्र की औसत कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को 2.54 टन कार्बन डाइऑक्साइड प्रति टन कच्चे इस्पात से घटाकर लगभग 1.54 टन करने की परिकल्पना की गई है। कामधेनु समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि उत्पादन क्षमता बढ़ानेए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण, विशेष इस्पात और कार्बन उत्सर्जन में कमी पर जोर देने से देश में एकीकृत इस्पात उत्पादकों तथा द्वितीयक इस्पात विनिर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे। सरकार ने कच्चे इस्पात की उत्पादन क्षमता को वर्ष 2047 तक बढ़ाकर 60.4 करोड़ टन करने, उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और आयात से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से नई इस्पात नीति का मसौदा जारी किया है।

रेमंड ने प्रीमियम कॉटन शर्टिंग में हेम्प को किया शामिल

मुम्बई। रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड ने हेम्प शर्टिंग फैब्रिक्स के नए कलेक्शन के लॉन्च के साथ हेम्प को प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक्स कैटेगरी में पेश किया है, जिसे कंपनी की फाइबर इंजीनियरिंग, डिजाइन और फिनिशिंग में विशेषज्ञता के माध्यम से विकसित किया गया है। रेमंड ने भारत में फैब्रिक में इनोवेशन पेश करने में दशकों बिताए हैं।

बंधन फ्लेक्सी कैप फंड के 21 वर्ष

मुम्बई। बंधन फ्लेक्सी कैप फंड ने 21 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर फंड ने अपनी निवेश सोच साझा की, जिसकी बुनियाद संतुलन, डाइवर्सिफ़िकेशन और बदलते हालात के हिसाब से ढलने की क्षमता पर टिकी है। फंड के मुताबिक, इक्विटी निवेश की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कोई भी एक निवेश शैली हर मार्केट साइकल में बेहतर प्रदर्शन नहीं करती।

एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक भरूचा ने दिया इस्तीफा

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि उसके उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वर्ष 1995 से उससे जुड़े भरूचा ने 31 दिसंबर से सेवा से कार्यमुक्त किए जाने का अनुरोध किया है। सूचना में आगे कहा गया कि एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने भारतीय रिजर्व बैंककी मंजूरी के लिए भेजे जाने वाले भरूचा के इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली– 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	अनुराग कुमार विश्वास/ आरती देवी/ LBKOT00006378041 LBKOT00006415296	प्लॉट 48बी के हिस्से पर बना घर, खसरा नंबर 309 और 311 मिन, रहीम नगर, दुदाली, फैजुल्लागंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, 226010/15-10-2026	15 जून, 2026/ रु. 24,60,619/-	लखनऊ

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : अक्टूबर 18, 2026
स्थान : लखनऊ

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

सूचना

हम दिनेश कुमार कनौजिया व पत्नी माया देवी निवासी 548/सी 678 चंद्रोदय नगर पर थाना लखनऊ अपने पुत्र विवेक कनौजिया के चाल चलन ठीक ना होने के कारण हम अपनी चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र को बेदखल करते हैं इसके द्वारा किये किसी भी लेनदेन व गलत कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

मैं BABAR पुत्र AJMAIN AHAMAD निवासी 12बी/957, वृंदावन योजना रायबरेली रोड लखनऊ का हूं। मैने अपना नाम BABAR से बदलकर MOHAMMAD BABAR रख लिया है अब भविष्य में मुझे MOHAMMAD BABAR के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैं RAIS AHMAD पुत्र RASEED AHMAD निवासी 169/132, खयालीगंज अमीनाबाद लखनऊ का हूं मैने अपना नाम RAIS AHMAD से बदलकर MOHAMMAD RAIS AHMAD रख लिया है अब भविष्य में मुझे MOHAMMAD RAIS AHMAD के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैं SHOAIBA RAIS AHMAD पत्नी MOHAMMAD RAIS AHMAD निवासिनी 169/132, ख़याली गंज अमीनाबाद लखनऊ की हूं मैने अपना नाम SHOAIBA RAIS AHMAD से बदलकर SHOAIBA रख लिया है अब भविष्य में मुझे SHOAIBA के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरा _DELED Batch 2019 का सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र), जिसके धारक का नाम PRIYA SAXENA D/O AJAY KUMAR SAXENA है, कहीं खो गया है। यदि किसी सज्जन को प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर सूचित करने की कृपा करें 630623381

सूचना

मैने अपना नाम मोहम्मद साकिर (MOHAMMAD SAKIR) से बदलकर मो0 शाकिर (MO SHAKIR) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0 शाकिर पुत्र श्री मो0 इब्राहिम (MOHD IBRAHIM) ADD-458/037/एन शिवपुरी रेहमती मस्जिद हुसैनाबाद चौक लखनऊ उ0प्र0

सूचना

मैने अपना नाम PUNEET KUMAR SRIVASTAV से बदलकर PUNEET SRIVASTAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GIRISH LAL SRIVASTAVA ADD-52/53 KAMLA NEHRU NAGAR, KHURRAM NAGAR, VIKAS NAGAR, PO-VIKAS NAGAR DIST-LUCKNOW-226022 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम SAIYYAD MO KHIJIR से बदलकर SYED MOHAMMAD KHIZAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SYED MUSHTAQ ALI ADD-544/1949 BARAURA HUSAIN BADU NEAR PRIMARY SCHOOL DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

सूचना

मैंने अपना नाम SANIYA HUSAIN W/O TAJ HUSAIN से बदलकर RAHILA HASAN W/O TAJ HUSAIN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। R/O 509/3/1, Old Hyderabad, Kala Kakar House, P.O. New Hyderabad, LUCKNOW- 226007

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD KAUM KHAN से बदलकर ABDUL KAYYOOM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।S/0-IDRIS KHAN ADD-BARIYA TOLA RAUNAHI DIST-AYODHYA-224001 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम RAISAUDDIN से बदलकर MOHD RAISUDDIN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पुत्र शमसुददीन पता–KURSI ROAD PAKARA MAU PO-BEHTA DIST-LUCKNOW-226026 (U.P.)

सूचना

मैं ANEESA BEGAM पत्नी NASEEM निवासी ग्राम मऊ पोस्ट मोहनलाल गंज लखनऊ की हूं मैने अपना नाम ANEESA BEGAM से बदलकर ANISA BEGAM रख लिया है अब भविष्य में मुझे ANISA BEGAM के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैं MOHAMMAD FARAZ ANSARI पुत्र MUSHARRAF ALI निवासी 433/1316, राम नगर यासिनगंज चौक लखनऊ का हूँ। मैने अपना नाम MOHAMMAD FARAZ ANSARI से बदलकर MOHD FARAZ ANSARI रख लिया है अब भविष्य में मुझे MOHD FARAZ ANSARI के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैं MEMONA पत्नी MOHAMMAD WASI निवासी 439/150, बेगरिया आंशिक, दुबग्गा काकोरी लखनऊ की हूं मैने अपना नाम MEMONA से बदलकर PARVEEN MAIMOONA रख लिया है अब भविष्य में मुझे PARVEEN MAIMOONA के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के आधार नंबर 2019, 7407, 3871 में नाम मन्दाकिनी दीक्षित दर्ज है जो की त्रुटि पूर्ण व गलत नाम है। मेरी पुत्री का सही नाम जन्म प्रमाण पत्र में दर्शिका दीक्षित है जो की सत्य व सही है। इसी नाम से जाना जाए। दीपक दीक्षित पुत्र श्री सतेंद्र दीक्षित वार्ड नंबर एक, नगर पंचायत इटौंजा, लखनऊ

अमेरिकी पाबंदियों से छूट के बाद भारत जारी रखेगा रूसी तेल का आयात

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल के प्रमुख खरीदारों पर एक नए कानून के तहत अनिवार्य प्रतिबंधों और शुल्कों से छूट दिए जाने के बाद विश्लेषकों का मानना है कि भारत मौजूदा स्तर के करीब ही रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखेगा। ट्रंप ने लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट के तहत लगाए जाने वाले प्रतिबंधों, पाबंदियों और शुल्कों से छूट देते हुए शुक्रवार देर रात एक कार्यकारी आदेश जारी किया। यह कदम कानून लागू करने की। समयसीमा खत्म होने से ठीक एक दिन पहले उठाया गया। उन्होंने इस कानून पर 18 सितंबर को हस्ताक्षर किए थे। यह छूट केवल भारत के लिए नहीं है और इससे चीन को भी लाभ मिल सकता है। यह आदेश प्रशासन को बाद में इस पर पुनर्विचार करने का अधिकार भी देता है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाले आंकड़ों से पता चलता है कि भारत इस साल औसतन 18 लाख बैरल प्रतिदिन बीपीडी के साथ समुद्री मार्ग से रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक रहा है, जो चीन 12 लाख बीपीडी से अधिक है। इटली, तुर्किये और नीदरलैंड शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। ऊर्जा शोध संस्था केपलर को उम्मीद है कि अक्टूबर में आयात 18.19 लाख बीपीडी के आसपास बना रहेगा। हालांकिए यह मात्रा साल के मध्य के उच्चतम स्तरों से काफी कम है। भारतीय आयात जून में 26 लाख बीपीडी और जुलाई में 25.7 लाख बीपीडी के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। विश्लेषकों का कहना है कि इस छूट के साथ तेल रिफाइनरी कंपनियों द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखने की संभावना है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा कि इस विधेयक के तहत भारत को 100 प्रतिशत तक के संभावित शुल्कों का सामना करना पड़ रहा थाए क्योंकि वह रूसी तेल के शीर्ष पांच वैश्विक खरीदारों में शामिल है। अर्थशास्त्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य रूसी आपूर्ति को बाजार से बाहर होने से रोकना है, ताकि अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से पहले वैश्विक तेल कीमतों में और तेजी न आए। अरोड़ा ने कहा यह कदम भारत के लिए धारणा के स्तर पर सकारात्मक होना चाहिए। हालांकि हम रूस के प्रति ट्रंप के बार–बार बदलते रुख और अपने अब तक के कार्यकाल में भारत के प्रति उनके सामान्य विरोध को ध्यान में रखते हुए आगाह करते हैं कि मध्यावधि चुनावों के बाद इस मामले में नए सिरे से फैसले लिए जा सकते हैं।

फिलिप्स होम के ऑफर्स की पेशकश

मुम्बई। फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने ग्राहकों के लिये ऑफर्स की पेशकश की है। एक नवम्बर तक चलने वाले इस ऑफर्स 'सोने पे डबल सुहागा' में खरीदारी पर ग्राहकों को तोहफा मिलना तय है। इसके साथ उनके पास हर घंटे 9,999 रुपये का सोना और हर दिन 50,000 रुपये का हीरा जीतने का मौका भी होगा, जो त्योहारी खरीदारी का रोमांच और बढ़ा देगा।पिछले साल 'सोने पे सुहागा' ने आम त्योहारी ऑफर्स से हटकर 70 शहरों के ग्राहकों को एक दिलचस्प अनुभव दिया था।

टाटा प्ले स्मार्ट ऐप की पेशकश

मुम्बई। टाटा प्ले ने टाटा प्ले स्मार्ट पेश किया है। यह टेलीविजन स्ट्रीमिंग ऐप टाटा प्ले के साथ टेलीविजन देखने का वही पुराना अनुभव प्रदान करने के लिए बनाया गया है। इस पर ग्राहक सेटटॉप बॉक्स या डिश एंटेना लगाए बिना ही 500 से अधिक लाईव चैनल देख सकते हैं। इस ऐप के माध्यम से ग्राहक अपने स्मार्ट टीवी, मोबाईल फोन, टेबलेट या लैपटॉप पर लाईव चैनल देख सकेंगे। इसके लिए उन्हें केवल इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत होगी।

बाईनेंस ने 80 लाख यूजर्स को बचाया

मुम्बई। ग्लोबल ब्लॉकचेन इकोसिस्टम बाइनेंस ने बताया है कि एआई की मदद से उसके सुरक्षा सिस्टम ने 2026 की पहली छमाही में 80 लाख से ज्यादा यूजर्स को बचाया और करीब 460 करोड़ डॉलर (करीब 38,640 करोड़ रुपये) का संभावित नुकसान रोका। इससे पता चलता है कि उन्नत टेक्नोलॉजी किस तरह क्रिप्टो से जुड़ी धोखाधड़ी और स्कैम का रियल–टाइम में मुकाबला कर रही है। भारत में डिजिटल एसेट अपनाने वालों की संख्या जैसे–जैसे बढ़ रही है, वैसे–वैसे क्रिप्टो की सुरक्षा को लेकर चिंताएं कई संभावित निवेशकों के लिए बड़ी रुकावट बनी हुई हैं।

वीवो ने ओरिजिन ओएस 7 किया पेश

नई दिल्ली। वीवो इंडिया ने अपना लेटेस्ट ऑपरेटिंग सिस्टम ओरिजिनओएस 7पेश किया है जिसे बेहतर परफॉर्मेंस, इंटेलिजेंट प्रोडक्टिविटी और आसान कनेक्टिविटी के ज़रिए प्रीमियम स्मार्टफोन एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। तीन मुख्य अनुभवों, ज़्यादा आसान, स्मार्ट और कनेक्टेड, के आस–पास बना ओरिजिनओएस 7, बेहतर सिस्टम परफॉर्मेंस, एआई–पावर्ड प्रोडक्टिविटी, क्रॉस–डिवाइस कनेक्टिविटी, पर्सनलाइज़ेशन और बेहतर सिक्योरिटी को एक साथ लाता है ताकि यूज़र्स को अपने वीवो स्मार्टफोन से ज़्यादा फ़ायदा मिल सके।

संकल्प भारत समिट 28 अक्टूबर को

लखनऊ। आविष्कार फाउंडेशन और इंटेलेकैप की ओर से 28 अक्टूबर को लखनऊ में 'संकल्प भारत' समिट के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। 'द भारत स्टोरी–क्लाइमेट, कल्चर एंड कंप्यूट' थीम पर आधारित इस समिट में 600 से अधिक फाउंडर्स, इन्वेस्टर्स, संस्थानों और नीति–निर्माताओं के शामिल होने की उम्मीद है। समिट में छोटे शहरों और कस्बों में उद्यमिता, क्लाइमेट फाइनेंस, सांस्कृतिक उद्यमों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

उज्जीवन स्मॉल बैंक के वित्तीय परिणाम घोषित

बेंगलुरु। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सितंबर 2026 में समाप्त दूसरी तिमाही के वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा की। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का दूसरी तिमाही का प्रदर्शन की जानकारी देते हुये बताया गया है कि बैंक की कुल जमा 29.2 प्रतिशत सालाना और 5.2 प्रतिशत तिमाही आधार पर बढ़कर 50,643 करोड़ रुपए हो गई। इसके साथ ही बैंक ने 50,000 करोड़ रुपए की जमा का आँकड़ा पार कर लिया। चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमा 22.2 प्रतिशत बढ़कर 13,176 करोड़ रुपए पहुँच गई।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष–38 संख्या–13242
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन–0522–2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

कार्यालय जिला पंचायत, लखीमपुर–खीरी

पत्रांक : 999/सं०लि०/जि०पं०/2026–27 दिनांक : 16 अक्टूबर, 2026

–: मलवा नीलाम सूचना :–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, खीरी के स्वामित्वाधीन निम्नवत जर्जर भवनों का नीलाम **दिनांक 27 अक्टूबर, 2026 को अपरान्ह 12 बजे** जिला पंचायत, खीरी सभागार में गठित नीलाम समिति द्वारा किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों को बोली में भाग लेने से पूर्व रू0 10,000–00 जमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि मौके पर ही जमा होगी। बोली स्वीकृत करने का अधिकार प्रशासक, जिला पंचायत, खीरी में निहित हैं। उक्त निर्धारित तिथि पर नीलाम न होने तथा मानकनुसार बोली प्राप्त न होने पर पुनः नीलामी दिनांक **29 अक्टूबर, 2026** को की जाएगी। नीलाम/ठेका समय 12.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत, खीरी सभागार में सम्पन्न होगा।

क०सं०	विकास खण्ड	मलवा नीलाम स्थल का नाम
01	लखीमपुर	प्रा०वि० सलेमपुर–2 का जर्जर कमरा व बरामदा
02	निघासन	नगर पंचायत सिंगाही भेड़ौरा में वार्ड सं0 05 चमरौधा पश्चिम में मुख्य बाजार स्थित जिला पंचायत का जर्जर भवन

अभियन्ता
जिला पंचायत, लखीमपुर–खीरी।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, लखीमपुर–खीरी।

प्रारूप सी-1

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सिविल) संख्या 536/2011 – पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य में दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को पारित निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : सुशील कुमार, पुत्र स्व. श्री राम नारायण, आयु लगभग 62 वर्ष, निवासी 1, बजरंग नगर, कृष्णा नगर, कानपुर रोड, लखनऊ – 226023
राजनीतिक दल का नाम : समाजवादी पार्टी
निर्वाचन का नाम : उत्तर प्रदेश विधान परिषद का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र

मैं, **सुशील कुमार**, उपर्युक्त निर्वाचन का अभ्यर्थी, अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण जन-सामान्य की जानकारी हेतु घोषित करता हूँ:

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्र.सं.	न्यायालय का नाम	मामला संख्या एवं दिनांक	मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियम की धारा(एँ) एवं अपराध का संक्षिप्त विवरण
1.	मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / कोर्ट नं. 18, बाराबंकी	अंतिम रिपोर्ट सं. 217/2022 (सी.एन.आर. सं. UPBB0401215/2022), मु.अ.सं. 0123/2021 से उत्पन्न, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी; प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 01.02.2021	लंबित। पुलिस द्वारा दिनांक 29.05.2021 को साक्ष्य के अभाव में अंतिम रिपोर्ट (क्लोज़र रिपोर्ट) प्रेषित; न्यायालय के आदेश हेतु लंबित।	धारा 447 भा.दं.सं. सपठित धारा 3 व 4 लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 – आपराधिक अतिचार एवं लोक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाली रिष्टि।

(ख) आपराधिक अपराधों के लिए दोषसिद्धि के मामलों का विवरण

क्र.सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश का/के दिनांक	अपराध का विवरण एवं अधिरोपित दंड	अधिकतम अधिरोपित दंड
–	शून्य	शून्य	शून्य